13/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 से पहले कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार का लक्ष्य तेज़ी से बढ़ते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एकीकृत वैश्विक मंच के रूप में वेव्स की परिवर्तनकारी क्षमता को उजागर करना है।

000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज “अरुणाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता रणनीति और कार्रवाई एक जन योजना” जारी की, जिसका उद्देश्य पाक्के डिक्लेरेशन को पूरा करना और राष्ट्रीय जैव विविधता लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राज्य जैव विविधता बोर्ड और पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रति गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए, श्री खांडू ने कहा कि यह “सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास” के दृष्टिकोण के अनुरूप है साथ ही समावेशी, टिकाऊ और सामूहिक प्रयास से प्रेरित विकास सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा कि यह योजना पाक्के डिक्लेरेशन और इसके पाँच विषयों- पर्यावरण, जलवायु लचीलापन, कल्याण, टिकाऊ आजीविका और सहयोगात्मक कार्रवाई को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह भारत के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

0000000000000000000000

राज्य सरकार ने पशुपालन, पशु चिकित्सा और डेयरी विकास विभाग द्वारा आज निरजुली में AHV&DD डारेक्टर कॉफ्रेंस हॉल में "कैच देम यंग" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभाग के मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य सरकार की अपने युवाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। "कैच देम यंग" कार्यक्रम एक व्यापक कौशल प्रशिक्षण पहल है जिसे पशुधन और मुर्गी पालन क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और किसानों के बीच स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

00000000000000000000

राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री बालो राजा द्वारा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राम मोहन नायडू को संबोधित एक पत्र में, दोन्यी पोलो एयरपॉर्ट ईटानगर पर उड़ान सेवाओं को बढ़ाने और उच्च हवाई किमतों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। पत्र में श्री बालो राजा ने इस रूट पर अधिक एयरलाइन ऑपरेटर्स की आवश्यकता पर जोर देते हुए अकहा कि, सीमित उड़ान उपलब्धता और अंतिम समय में अत्यधिक किराया राज्य में बेहतर हवाई संपर्क के उद्देश्य में बाधा बन रहा है।

00000000000000000000

स्थानीय कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए बाजार संपर्क बढ़ाने के उद्देश्य से अरुणाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, मिशन अरुण हिमवीर के तहत पोलो योरबे SHG और स्थानीय किसानों द्वारा

कृषि विभाग, अपर सियांग जिले के माध्यम से तूतिंग मुख्यालय में उनचासवीं बटालियन ITBP को ताजे फल और सब्जियाँ आपूर्ति की गईं।

00000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिवांग वैली, तिराप, नामसाई, लोहित, आंजाव, चांगलांग और लोंगदिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। इस बीच, IMD द्वारा आज जारी किए गए विशेष मौसम बुलेटिन के अनुसार, ईस्ट असम और उसके आसपास के इलाकों में एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके प्रभाव में आज से 17 मार्च तक अरुणाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश एवं गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

0000000000000000000000

राज्य को एक प्रमुख साहसिक पर्यटन स्थल के रूप में उभरने का मंच प्रदान करने के लिए आयिजित, अरुणाचल एडवेंचर टूरिज्म कॉन्क्लेव 2024-25 का कल डी.के. कन्वेंशन सेंटर में सफल समापन हुआ। कार्यक्रम के तहत ट्रेकिंग, माउंटेनियरिंग, रिवर राफ्टिंग और इको-टूरिज्म के साथ-साथ बुनियादी ढाँचे एवं साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी पहलों पर चर्चाएँ की गई।

00000000000000000000

लेपरादा के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-प्रभारी उपायुक्त अजुम आङू ने कल बासार में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला स्वास्थ्य सोसायटी के टीकाकरण सह प्रदर्शन समीक्षा बैठक के लिए जिला टास्क फोर्स की अध्यक्षता की। श्री आङू ने नेशनल क्वालिटी एसुरेंस स्टैंडर्ड के तहत स्टेट सर्टिफ़िकेशन के लिए पागी, दोरपुटु और पादी के स्वास्थ्य और कल्याण अधिकारी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करने के साथ ही, स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा कर्मियों द्वारा स्थिति और विभिन्न चुनौतियों का जायजा लिया।

000000000000000

तवांग उपायुक्त सह जिला चुनाव अधिकारी कांकी दारांग द्वारा आज विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में श्री दारांग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि, सक्रिय राजनीतिक भागीदारी प्रशासन को जमीनी स्तर पर मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने में सहायता प्रदान करता है।

000000000000000000

भारतीय सेना अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2025-26 भर्ती के लिए अग्निवीर चयन के लिए राज्य से अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन पंजीकरण आमंत्रित करती है। ऑनलाइन पंजीकरण आगामी 10 अप्रैल तक खुले रहेंगे। उम्मीदवार अपनी पात्रता स्थिति की जांच करने के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन कर सकते हैं।

000000000000000000